# विदेशी पर्यटकों से रोशन हो रही चंदेरी की धरती

## इतिहास, संस्कृति और बुनकरी के संगम से पर्यटन को लग रहे पंख



**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** मध्य प्रदेश का ऐतिहासिक नगर चंदेरी इन दिनों वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर चमक रहा है। चंदेरी की विरासत उन चुनिंदा नगरों में शामिल है, जहां इतिहास, संस्कृति और प्रकृति का एक अद्भुत और जीवंत संगम देखने को मिलता है। यही वजह है कि यहां लगातार विदेशी पर्यटकों का आगमन बढ़ रहा है, जिससे स्थानीय पर्यटन उद्योग में भारी उत्साह है।

दरअसल भ्रमण कार्यक्रम के दूसरे दिन विदेशी पर्यटक चंदेरी की अन्य प्रमुख ऐतिहासिक इमारतों, प्राचीन बावड़ियों, भव्य मंदिरों तथा अन्य महत्वपूर्ण धरोहर स्थलों का दीदार करेंगे। इस दौरान वे यहां के समृद्ध इतिहास और वास्तुकला के महत्व को बारीकी से समझेंगे। ऐतिहासिक स्थलों के साथ-साथ, पर्यटक चंदेरी की विश्व प्रसिद्ध हस्तकरघा परंपरा और चंदेरी साड़ी निर्माण की अनूठी प्रक्रिया को भी निकट से देखेंगे और बुनकरों की कलाकारी को समझेंगे।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली नई पहचान

पर्यटन क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों और स्थानीय निवासियों का मानना है कि विदेशी सैलानियों के इस तरह लगातार आने से चंदेरी की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई और मजबूत पहचान मिल रही है। वहीं विदेशी पर्यटकों के आगमन से न केवल चंदेरी का गौरव बढ़ा है, बल्कि इसका सीधा और सकारात्मक लाभ स्थानीय पर्यटन, पारंपरिक हस्तकरघा उद्योग, होटल व्यवसाय, स्थानीय गाइडों और छोटे व्यापारियों को मिल रहा है। इसके अलावा आने वाले दिनों में भी विभिन्न देशों से विदेशी पर्यटकों के कई अन्य दलों के चंदेरी पहुंचने की प्रबल संभावना है। माना जा रहा है कि इस बढ़ते वैश्विक जुड़ाव से नगर के पर्यटन उद्योग को और अधिक गति मिलेगी, जिससे चंदेरी की अर्थव्यवस्था और रोज़गार के नए रास्ते खुलेंगे।

# राहजनी की वारदात का पुलिस ने किया खुलासा

**पुलिस गिरफ्त में आए तीन शातिर चोर**

**आरोपियों से चोरी का 50 हजार का मशरूका बरामद**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में संपत्ति संबंधी अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चंदेरी पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए विक्रमपुर नावनी तिराहे के पास हुई चोरी की वारदात का महज़ कुछ ही दिनों में पर्दाफाश कर दिया है। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गया करीब 50,000 रुपये कीमत का मशरूका सोने का मंगलसूत्र और मोबाइल बरामद कर लिया गया है।

दरअसल यह पूरी घटना बीती 1 मई की रात करीब 7:30 से 8:00 बजे के बीच की है। फरियादी कल्ला यादव निवासी म्यूजियम के पास चंदेरी अपनी पत्नी सुनीता बाई के साथ मोटरसाइकिल से अपने गांव कर्र पिपरई जा रहे थे। रास्ते में विक्रमपुर नावनी तिराहे पर बाथरूम के लिए रुकने के दौरान, अज्ञात चोरों ने मोटरसाइकिल पर रखा उनकी पत्नी का पर्स उड़ा दिया, जिसमें सोने का मंगलसूत्र और मोबाइल था।

### सटीक मुखबिरी और तकनीकी साक्ष्यों से दबोचे गए आरोपी

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं एसडीओपी महेश शर्मा के मार्गदर्शन में चंदेरी थाना प्रभारी प्रशांत यादव और विक्रमपुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक जूली रघुवंशी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने किरोला, मुंगावली निवासी तीन संदिग्धों लक्ष्मण लोधी, रोहित लोधी और राजकुमार लोधी को हिरासत में लिया। जहां पुलिसिया पूछताछ में आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी किशोर लोधी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों से माल जब्त कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया है, वहीं फरार आरोपी की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में चंदेरी थाना प्रभारी प्रशांत यादव, उपनिरीक्षक जूली रघुवंशी, आरक्षक योगेंन्द्र रघुवंशी, दिलीप ओझा, राकेश मीना, आनंद राजपूत, वैभव सक्सेना तथा सायबर सेल के उप निरीक्षक अभिजीत विसेन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**एक नजर में**

### सर्पदंश से मासूम की मौत

**अशोकनगर।** मुंगावली के वार्ड नंबर 8 में रात में जमीन पर सो रहे एक 8 वर्षीय मासूम बच्चे की सांप के काटने से मौत हो गई। मृतक बच्चे की पहचान बृजेन्द्र (8) पुत्र नरेश कुशवाह के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की रात बृजेन्द्र अपने परिवार के साथ जमीन पर सो रहा था। रात करीब 3 बजे अचानक बच्चे की चीख सुनकर माता-पिता की नींद खुली, तो उन्होंने बिस्तर से एक जहरीले सांप को भागते हुए देखा। सांप ने मासूम के कंधे पर डस लिया था। परिजन उसे तुरंत मुंगावली सिविल अस्पताल ले गए, जहां से गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रविवार सुबह इलाज के दौरान मासूम ने दम तोड़ दिया।

# भ्रष्टाचार की गीली दीवार ने ली चौकीदार की जान

## ग्राम पंचायत नगेश्री में चल रहा था गौशाला का निर्माण कार्य



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** सरकारी निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री और जल्दबाजी का खूनी खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला जिले के नगेश्री गांव का है, जहां एक निर्माणाधीन गौशाला में भ्रष्टाचार की गीली दीवार भरभराकर गिर गई। इस हादसे में पिछले 5 सालों से गौशाला की रखवाली कर रहे 40 वर्षीय चौकीदार कमल सिंह अहिरवार (गप्पू अहिरवार) की मलबे में दबने से दर्दनाक मौत हो गई।

हादसे के बाद आनन-फानन में कमल सिंह को जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना ने एक बार फिर सरकारी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और उसमें होने वाली लीपापोती पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के मुताबिक, गौशाला में पानी की टंकी के ठीक नीचे हौदी (पानी के टैंक) का निर्माण कार्य चल रहा था। कमल सिंह अन्य मजदूरों के साथ वहीं काम कर रहे थे, तभी अचानक टंकी की दीवार का एक बड़ा हिस्सा ढह गया। हैरानी की बात यह है कि सरपंच प्रतिनिधि खुद कबूल कर रहे हैं कि दीवार कुछ दिन पहले ही बनी थी और पूरी तरह सूखी भी नहीं थी। आरोप तो यह भी है कि बिना सूखी दीवार पर मोटर चलाकर पानी का प्रेशर डाल दिया गया, जिससे कमजोर ढांचा दबाव झेल नहीं पाया और ढह गया। हालांकि जब निर्माण की गुणवत्ता और तारीख को लेकर तीखे सवाल पूछे गए, तो जिम्मेदार बगलें झांकते नजर आए।

### परिजनों ने उठाए गंभीर सवाल

इस पूरे मामले में तब नया मोड़ आ गया जब मृतक के भतीजे राहुल ने घटना को लेकर गंभीर संदेह जताया। परिजनों का सीधा आरोप है कि सरपंच प्रतिनिधि खुद कमल सिंह को घर से बुलाकर काम पर ले गए थे। हादसे के बाद जब परिजन अस्पताल पहुंचे, तो कमल सिंह दम तोड़ चुके थे और सरपंच प्रतिनिधि मौके से नदारद (गायब) हो गए। परिजनों ने सवाल उठाया है कि अगर यह महज एक हादसा था, तो सरपंच प्रतिनिधि अस्पताल से क्यों चले गए? पीड़ित परिवार ने अब इस पूरे मामले की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### महिदपुर में निःशुल्क नेत्र शिविर आज

**अशोकनगर।** क्षेत्र के नागरिकों के लिए सोमवार को महिदपुर में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर लायन्स नेत्र चिकित्सालय गुना द्वारा जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण समिति अशोकनगर के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। शिविर का आयोजन प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक इण्डेन गैस एजेंसी के पास होगा। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आंखों की जांच की जाएगी।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर मजदूरी करने जा रहे युवक की मौत

**नवभारत न्यूज अशोकनगर।** रफ्तार के कहर ने एक बार फिर एक हंसते-खेलते परिवार का चिराग बुझा दिया। अशोकनगर-ईसागढ़ रोड पर तरावली गांव के पास शनिवार रात करीब 8 बजे एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में बाइक चालक 30 वर्षीय देवेंद्र आदिवासी निवासी धनवारा की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उनका भांजा कल्ला मामूली रूप से घायल हुआ है।

जानकारी के मुताबिक, देवेंद्र अपने भांजे कल्ला के साथ धनवारा गांव से धान की रोपाई (मजदूरी) के लिए सिरसी गांव जा रहे थे। तभी सामने से आ रही एक अनियंत्रित कार ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद देवेंद्र को गंभीर हालत में तुरंत ऑटो की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां रविवार सुबह उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रेडक्रॉस एवं सेवा भारती मिलकर करेंगे जिला अस्पताल में गरीब मरीजों की सेवा

**15 अगस्त से शुरू होगा कार्यक्रम**

**बैठक के दौरान लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर। रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ.जय मंडल यादव के निवास पर रविवार शाम रेड क्रॉस एवं सेवा भारती के संचालक मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में संघ कार्य के विभाग प्रचारक नितिन अग्रवाल एवं विभाग कार्यवाह महेश रघुवंशी ने विशेष रूप से मार्गदर्शन दिया।**

संघ के विभाग प्रचारक नितिन अग्रवाल ने कहा कि हमें जिला अस्पताल परिसर को गोद लेकर वहां प्रतिदिन जिले भर से आने वाले सभी गरीब, शोषित, वंचित एवं दीन-दुखियों की सेवा के लिए कोई न कोई प्रकल्प प्रारंभ करना चाहिए। इसी उद्देश्य से रेडक्रॉस एवं सेवा भारती ने संयुक्त रूप से संकल्प लिया कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल परिसर में हेल्प डेस्क सेवा प्रारंभ की जाएगी। इसके माध्यम से मरीजों एवं उनके परिजनों को हर संभव मदद, जानकारी एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बैठक में रेडक्रॉस सेवा भारती के संचालक मंडल में 3 नवनियुक्त सदस्यों का संयोजन घोषित किया। जिसमें प्रेम सदाना,अशोक सिंह रघुवंशी, डॉ.ज्योति खरका साथ ही समाज सेवी पत्रकार युवा रंजीत यादव को रेडक्रॉस संस्था एवं सेवा भारती संस्था का प्रचार-प्रसार प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। बैठक में रेडक्रॉस संस्था के उपसभापति राजीव जैन,सचिव संजय रघुवंशी, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. हरवीर सिंह रघुवंशी एवं संचालक सदस्य कोषाध्यक्ष देवेंद्र अग्रवाल, वित्त समिति सतीश पाराशर, डॉ राजकुमार शर्मा अंकित छाबड़ा, गुरु मनीष बरखेड़ा उपस्थित रहे। विभाग प्रचारक एवं विभाग कार्यवाह के मार्गदर्शक उद्बोधन से प्रभावित होकर सभी उपस्थित सदस्यों ने अस्पताल परिसर में नई सेवा प्रकल्प प्रारंभ करने का संकल्प लिया। अंत में रेडक्रॉस सोसाइटी सभापति डॉक्टर जयमंडल यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया




# रोटरी क्लब के नेत्र शिविर में 64 मरीज ऑपरेशन के लिए चिन्हित

**शिविर में 131 मरीजों की जांचीं गईं आंखें**

**क्लब द्वारा हर माह लगाया जाता है शिविर**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** रोटरी क्लब द्वारा श्री सदगुरु सेवा ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय लटेरी के सहयोग से रविवार को नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन रोटरी भवन में किया गया। जिसमें करीब एक सैंकड़ा से अधिक मरीजों ने अपनी आंखो की जांच कराई, जिनमें से आधा सैंकड़ा से अधिक मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किये गये।

सुभाष जैन कैंची ने बताया कि इस शिविर में सदगुरु सेवा ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. दीपक पटेल एवं शिव गनेश ने 131 मरीजो की जांच की गई एवं 64 मरीजों का ऑपरेशन हेतु चयन किया गया। ज्ञातव्य है कि रोटरी क्लब द्वारा प्रतिमाह के दूसरे रविवार को यह शिविर कई वर्षो से अनवरत आयोजित किया जा रहा है, जिसमे अन्य जिलों से भी मरीज उपचार के लिए आते है। इस अवसर पर अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी, सचिव मोहर सिंह यादव, रोटेरियन डॉ.राकेश जैन ,बीडी गुप्ता, अजीत कुमार जैन, मनोज सोनी, राजेश सेठ सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# गायत्री शक्तिपीठ में जन्म शताब्दी संकल्प कार्यकर्ता कार्यशाला आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा रविवार को गायत्री शक्तिपीठ अशोकनगर में जन्मशताब्दी संकल्प एवं कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। दिनभर चली इस कार्यशाला में गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार, युवा जोड़ो अभियान, वृक्षारोपण अभियान तथा गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के जीवन-दर्शन पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता एवं गुना जोन प्रभारी मोहन सिंह सिसोदिया ने कहा कि गायत्री परिवार से जुड़ने का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान करना नहीं, बल्कि स्वयं के जीवन में सद्बुद्धि, सद्भावना और संस्कारों का विकास करना है। उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र का नियमित जप व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाता है और उसे समाज व राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का बोध कराता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गुरु दीक्षा लेकर पांच संकल्पों का पालन करने और अपने आचरण को श्रेष्ठ बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केवल पूजा-पाठ या कर्मकांड से नहीं, बल्कि सदाचार, सत्य, सेवा और आत्मपरिष्कार से ही ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। व्यक्ति को अपने जीवन से बुराइयों का त्याग कर समाज हित में कार्य करना चाहिए। कार्यशाला में संगठन के विभिन्न अभियानों, जन्मशताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरण की रणनीति पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रमुख ट्रस्टी प्रमेन्द्र तायड़े, उमा दुबे रेखा तायड़े, जिला समन्वयक बीएस.चौहान, आरसी शर्मा, अमर सिंह रघुवंशी, अजय रघुवंशी, रमेशकुमार गुप्ता, कैलाश पालीवाल, कविता साहू, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# महिला सुरक्षा को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** देश में बढ़ रही महिला अपराध की घटनाओं के विरोध में आज महिला सुरक्षा समिति द्वारा मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा गया। समिति की सदस्य विजय भारती के नेतृत्व में विभिन्न कॉलोनियों से आईं महिलाओं ने पश्चिम बंगाल और राजस्थान में बच्चियों के साथ हुए अमानवीय कृत्यों के खिलाफ कड़ा आक्रोश व्यक्त किया।

ज्ञापन में बताया गया कि पश्चिम बंगाल के बारूईपुर में एक 11 वर्षीय बच्ची के साथ बलात्कार कर उसे तालाब में फेंक दिया गया। वहीं दूसरी तरफ राजस्थान के श्री गंगानगर में एक 13 वर्षीय बच्ची के साथ 32 दरिंदों द्वारा 5 दिनों तक सामूहिक दुष्कर्म किया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि जन आंदोलन के दबाव में राजस्थान सरकार ने 4 होटलों पर बुलडोजर की कार्रवाई की है, लेकिन ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने बेहद जरूरी हैं। समिति ने ज्ञापन के माध्यम से देश और प्रदेश में महिलाओं व बच्चियों की सुरक्षा पूरी तरह सुनिश्चित की जाने, सभी पोर्न वेबसाइट्स और अश्लील वीडियो पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाने, समाज को शराब, स्मैक सहित तमाम तरह के घातक नशों से मुक्त किया जाने, स्कूलों, कॉलेजों और सभी कार्यस्थलों पर पुलिस प्रोटेक्शन की मांग की।

**कार्यक्रम** | **कार्यक्रम के दौरान जिला जज और कलेक्टर ने निरीक्षण कर किया बंदियों से संवाद**

# जिला जेल में गूंजे देशभक्ति के तराने, कलेक्टर ने बंदियों का बढ़ाया हौसला



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को जिला जेल में बंदियों के मनोरंजन, मानसिक स्वास्थ्य और पुनर्वास की भावना को बढ़ावा देने के लिए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा तथा कलेक्टर साकेत मालवीय विशेष रूप से उपस्थित रहे। कायक्रम का सफल संचालन जेल अधीक्षक ललित दीक्षित ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ किया गया, इसके बाद जेल के बंदियों ने अपनी अनूठी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बंदियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत, मधुर भजन, लोकनृत्य और विचारोत्तेजक नाटकों ने उपस्थित सभी अतिथियों और अधिकारियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान कलेक्टर साकेत मालवीय ने कहा कि हम सभी इस संसार में किसी न किसी रूप में बंदी हैं। हम जिस भी स्थान पर हैं, हमें अपना शत-प्रतिशत योगदान देना चाहिए। जीवन में सुख मिलने पर अहंकार नहीं पनपना चाहिए और दुख आने पर कभी निराश नहीं होना चाहिए। वहीं उन्होंने बंदियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य बंदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने जेल में शिक्षा, कौशल विकास और स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक मजबूत करने का भरोसा दिया।

### जेल सजा का नहीं, सुधार का केंद्र: जिला जज

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि जेल केवल सजा भुगतने की जगह नहीं है, बल्कि यह खुद को सुधारने और पुनर्वास का एक केंद्र है। इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधियों से बंदियों में सकारात्मक सोच और खोया हुआ आत्मविश्वास वापस लौटता है। उन्होंने विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बंदियों को मिलने वाली नि:शुल्क कानूनी सहायता के प्रति भी जागरूक किया।

### जेल का निरीक्षण कर बंदियों से किया संवाद:

कार्यक्रम के दौरान दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने जेल परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया और बंदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं। अधिकारियों ने जेल प्रशासन को बंदियों के लिए पुस्तकालय, खेलकूद और व्यावसायिक प्रशिक्षण की सुविधाओं को और बेहतर करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के समापन पर सभी बंदियों को फल एवं मिठाइयाँ वितरित की गईं।